**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–21.06.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. विश्व में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, प्रधानमंत्री ने कहा–दुनिया ने समझी योग की अहमियत।
2. ईडी ने रांची में जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के ठिकानों पर की छापेमारी, एक करोड़ कैश और सौ कारतूस बरामद, जांच एजेंसी के हाथ लगे कई अहम दस्तावेज।
3. केन्द्र सरकार ने की कोयला खदानों की नीलामी के 10वें चरण की शुरुआत, झारखंड समेत आठ राज्यों के 67 ब्लॉक की लगेगी बोली।
4. झारखंड लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा कल से, रांची में बनाए गए 15 परीक्षा केंद्र, 24 जून की रात आठ बजे तक निषेधाज्ञा लागू।

5. साहिबगंज के रास्ते राज्य में मानसून ने दी दस्तक, अगले कुछ घंटों में पलामू समेत आठ जिलों में जोरदार बारिश के आसार, औरेंज अलर्ट जारी।

********************

दुनिया भर में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। देश में मुख्य समारोह जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर से समारोह का नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में योग अपनाने वालों की

संख्या बढ़ती जा रही है और इसकी उपयोगिता को भी लोग पहचान रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर झारखंड सरकार की ओर से रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में राजकीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुष निदेशालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि रांची विधायक सीपी सिंह और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव एके सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राजकीय कार्यक्रम में राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षक डॉक्टर अर्चना कुमारी ने लोगों को योग कराया।

********************

अंताराष्ट्रीय योग दिवस पर लोहरदगा जिले में भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त डा. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो ने संयुक्त रूप योग कार्यक्रम की शुरआत की। इस मौके पर उपायुक्त ने निरोग रहने के लिए सबसे योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की।

********************

दुमका के इनडोर स्टेडियम में भी आज उपायुक्त ए. दोड्डे के नेतृत्व में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग शिविर में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार के साथ जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों, शहर के गणमान्य लोगों और स्कूल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान योग गुरुओं ने निरोग रहने के लिए योग को अपनाने का संदेश दिया। विभिन्न संगठनों द्वारा भी इस अवसर पर अलग अलग स्थानों पर योग शिविर लगाए गए, जिनमें पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, एनसीसी के कैडेट्स ने सामूहिक रूप से योगासन किया।

********************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आकाशवाणी केन्द्र रांची में भी योग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें केन्द्र प्रमुख डीसी हेम्ब्रम और उपनिदेशक अभियंत्रण एपी सिंह समेत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर केन्द्र प्रमुख ने कहा कि हर किसी को योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए।

********************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का आज पहली बार गिरिडीह पहुंचने पर भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड की

महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए वह विशेष पहल करेंगी। उन्होंने राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में राज्य की स्थिति बदहाल हो गयी है।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने जमीन घोटाला से जुड़े मामले में आज रांची के कांके रोड के चांदनी चौक स्थित एस्टर ग्रीन में रहने वाले जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान जांच एजेंसी को उनके घर से एक करोड़ रुपये कैश और 100 कारतूस मिले हैं। जमीन से जुड़े कई अहम दस्तावेज भी जांच एजेंसी के हाथ लगे हैं।

*******************

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने आज हैदराबाद में वाणिज्यिक खनन के लिए कोयला खदानों की नीलामी के 10वें दौर की शुरुआत की। इस दौर में 67 ब्लॉक की नीलामी की जाएगी। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह कोयला खदान विभिन्न राज्यों झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में हैं। इस अवसर पर बोलते हुए श्री रेड्डी ने कहा कि सरकार पारदर्शी और कोयला ब्लॉक नीलामी नीति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कोयला ब्लॉक नीलामी देश को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान देगी।

*******************

झारखंड लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा कल से शुरू हो रही है, जो 24 जून तक चलेगी। यह परीक्षा दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर दो बजे से लेकर शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। जेपीएससी की मुख्य परीक्षा के लिए रांची में कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के बाद सफल अभ्यर्थियों को झारखंड लोक सेवा आयोग के कुल 342 पदों पर नियुक्त करेगा।

*******************

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा की अध्यक्षता में आज लोहरदगा जिले में अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों व अन्य विभागों की प्रगति से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं की समी्क्षा की।

*******************

सामान्य मानसून की संभावनाओं को देखते हुए कोडरमा के किसानों को कृषि विभाग ने अभी से ही तैयार रहने की सलाह दे दी है।

*******************

झारखंड में मानसून दस्तक दे दी है। संताल परगना के इलाके में आज से मौसम बदल गया है। आने वाले 72 घंटे में पूरे राज्य में इसका असर देखने को मिलेगा। इस बार राज्य में मानसून का प्रवेश 11 दिनों की देरी से हुआ है। रांची में आज दूसरे दिन भी दोपहर बाद झमाझम बारिश देखने को मिली। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिमडेगा जिले के कुछ भागों में जोरदार बारिश की संभावना जतायी है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों के कई हिस्सों में वज्रपात के साथ तेज हवा के आसार भी जताये गये हैं।

*********समाप्त*********